# आकाशवाणी, गोरखपुर

## दिनांक–23 जून 2025 सान्ध्य समाचार

उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने एसोसिएशन ऑफ इंडियन यूनिवर्सिटीज के राष्ट्रीय सम्मेलन को आज नोएडा के एमिटी यूनिवर्सिटी में सम्बोधित किया। इस दौरान उन्होंने सुशासन के प्रति जवाबदेही के लिए प्रदेश सरकार और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को बधाई दी। उपराष्ट्रपति ने कहा कि देश के कुलपति भारत के भविष्य निर्माता हैं। शिक्षा की महत्ता पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि शिक्षा ही देश में समानता लाती है और यही लोकतंत्र को प्राण देती है।

**********

वाराणसी में कल पहली बार पच्चीसवीं मध्य क्षेत्रीय परिषद की बैठक आयोजित होगी। बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह करेंगे। बैठक में प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय भी भाग लेंगे। बैठक में सुरक्षा और विकास सहित कई महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर चर्चा होगी।

**********

राष्ट्र आज डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को उनके बलिदान दिवस पर श्रद्धांजलि दे रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि डॉ. मुखर्जी ने देश की अखंडता को अक्षुण्ण रखने के लिए अतुलनीय साहस का परिचय दिया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में डॉ मुखर्जी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि कर उनके व्यक्तित्व और कृतित्व के बारे में चर्चा की। उन्होंने कहा कि विभिन्न क्षेत्रों में डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी का योगदान सदैव याद किया जाएगा।

**डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी ने अखंड भारत के लिए अपना बलिदान दिया था स्वतंत्र भारत में कैबिनेट मंत्री के रूप में उन्होंने देश को अपने विजनरी नेतृत्व से लाभान्वित करके देश की औद्योगिक नीति को तय करने में बड़ी भूमिका का निर्वहन किया था।**

प्रदेश भर में डॉ श्याम प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर पौधारोपण किए जा रहे हैं। इसी क्रम में मुख्यमंत्री ने भी भदोही जिले के कलक्ट्रेट परिसर में उनके बलिदान दिवस पर एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण किया।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज भदोही में विकास कार्यों और कानून व्यवस्था को लेकर जनप्रतिनिधियों तथा वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि भदोही जिला विकास की दिशा में आगे बढ़ रहा है। इसने अपने हस्तशिल्प उद्योग से प्रदेश को खास पहचान दिलाई है। उन्होंने कहा कि भदोही के विकास के लिये जनप्रतिनिधियों के कई प्रस्तावों को भी मंजूरी दी जा रही है। मुख्यमंत्री ने भदोही के जिला अस्पताल का भी निरीक्षण किया और कहा कि सरकार की कार्ययोजना आने वाले समय में इस जिले में पीपीपी मोड पर मेडिकल कॉलेज बनाने की है।

**********

राष्ट्र ने सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के सिद्धांतों से प्रेरित होकर एक दशक में उल्लेखनीय परिवर्तन किया है। आकाशवाणी समाचार आपके लिए पिछले ग्यारह वर्षों में प्रमुख क्षेत्रों में सरकार के प्रयासों पर एक विशेष फीचर लेकर आया है। आज, हम देश के अल्पसंख्यक समुदायों के सशक्तिकरण, अवसर और सुधार के माध्यम से समावेशी विकास के लिए भारत की अटूट प्रतिबद्धता पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।

**प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम के अंतर्गत 18 हजार 400 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं को मंजूरी दी गई। राष्ट्रीय अल्पसंख्यक विकास और वित्त निगम ने पिछड़े वर्गों को रियायती ऋण प्रदान करते हुए एक लाख 74 हजार से अधिक लाभार्थियों को 752 करोड़ रुपये से अधिक वितरित किए। सांस्कृतिक और समुदाय–विशिष्ट पहलों ने भी सार्थक प्रभाव डाला है। हज सुविधा ऐप और हज स्वयंसेवकों के लिए समर्पित प्रशिक्षण कार्यक्रमों ने तीर्थयात्रा के अनुभव को बेहतर बनाया है। जबकि ऐतिहासिक वक्फ संशोधन अधिनियम, 2025, और उम्मीद पोर्टल ने पारदर्शिता और शासन को मजबूत किया, जिससे वक्फ संपत्तियों के लिए डिजिटल प्रबंधन के एक नए युग की शुरुआत हुई। इसके अतिरिक्त, बौद्ध विकास योजना और जियो पारसी जैसी अन्य जैसी योजनाओं ने संस्कृति को संरक्षित करके, शिक्षा और सामुदायिक कल्याण को बढ़ावा देकर विभिन्न समुदायों की अनूठी जरूरतों को पूरा किया है। विष्णु की रिपोर्ट के साथ समाचार कक्ष से सरफिरोजी।**

**********

केंद्रीय सहकारिता एवं उड्डयन राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल आज एक दिवसीय दौरे पर बलरामपुर पहुंचे। उन्होंने जिले के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जोकहिया का निरीक्षण किया और मरीजों से बातचीत की। केंद्रीय राज्य मंत्री ने कलक्ट्रेट परिसर में विकास कार्यों की बिंदुवार समीक्षा भी की।

**********

मौसम विभाग ने सत्ताईस जून तक प्रदेश के पूर्वी जिलों में अनेक स्थानों पर गरज चमक के साथ बौछारें पड़ने और बारिश की संभावना जताई है। विभाग के अनुसार अट्ठाइस और उन्तीस जून को इस अंचल में लगभग सभी स्थानों पर यही स्थिति रहेगी।

**********